C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:16 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:44 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 141 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 25 नवंबर 2026

फिर साथ हर्षवर्धन और अंशुल...पेज-3 पर

News कॉर्नर

ताइ डो में रानीखेत के खिलाड़ियों ने जीते दो कांस्य पदक

अल्मोड़ा। महाराष्ट्र के पुणे में 20-26 नवंबर तक आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रानीखेत के दो खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विश्व रैंकिंग की इस प्रतियोगिता में नरेश सिंह ने अंडर-87 किलोग्राम और भूपेंद्र ने अंडर-54 किलोग्राम भार वर्ग में पदक अपने नाम किए। भूपेंद्र बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी के कैडेट वर्ग से हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अल्मोड़ा में पीआरडी जवानों का धरना जारी

अल्मोड़ा। देहरादून में पीआरडी जवानों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जवानों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को भी पीआरडी जवान विकास भवन में धरने पर डटे रहे। इस दौरान उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर जवानों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। इसके विरोध में उन्होंने बीते सोमवार को युवा कल्याण कार्यालय में तालाबंदी की और रातभर विकास भवन परिसर में धरना दिया। मंगलवार को भी आंदोलन जारी रखते हुए जवानों ने देहरादून में हुए लाठीचार्ज पर कड़ा आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे जवानों पर लाठीचार्ज करना लोकतंत्र के खिलाफ है। मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जवानों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में दलीप सिंह, विनोद लटवाल, गोविंद सिंह, नरेंद्र तिवारी, रघुवर सिंह, मोहन राम, विजय कुमार, सचिन सैलानी, इंद्र राम, नवीन पांडे, मीनू साह, महेंद्र प्रसाद, महेंद्र चंद, कृपाल सिंह, किशन राम, संतोष कुमार, मोहन लाल आदि मौजूद रहे।

उत्तरकाशी: पवाणी गांव में भीषण अग्निकांड में जले 30 से अधिक घर

उत्तरकाशी/देहरादून हमारे संवाददाता



पवाणी गांव में अचानक लकड़ी के घर में आग लग गई। भवन लकड़ी के होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे भारी नुकसान हुआ है। उत्तरकाशी जनपद के मोरी विकासखंड के पवाणी गांव में भीषण आग लगने से करीब 30 लकड़ी के भवन जलकर राख हो गए। आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। ग्रामीण यश पंवार ने बताया कि रसोई गैस सिलिंडर फटने के बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते कई भवनों को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग की भयावहता को देखते हुए ग्रामीण एकजुट होकर आग बुझाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। लकड़ी से बने भवन होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे भारी नुकसान हुआ है। देर रात तक ग्रामीण आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास करते रहे। वहीं, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग सका है।

अफरातफरी

- सीएम ने दिए प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी की मोरी तहसील के ग्राम पवाणी में भीषण अग्निकांड की घटना में कई आवासीय भवनों के जलकर नष्ट होने पर गहरा दुःख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन विभाग की टीमों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से कार्य करने तथा प्रभावित परिवारों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, आवास, चिकित्सा सुविधा सहित सभी आवश्यक राहत सामग्री की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने अग्निकांड से हुए नुकसान का शीघ्र आकलन कर प्रभावित परिवारों को नियमानुसार अनुमन्य सहायता एवं राहत राशि उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं। कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है।

देशभर में होगा मार्च, लखनऊ में खरगे करेंगे अगुवाई

कांग्रेस संविधान दिवस पर संविधान रक्षा मार्च निकालेगी

नई दिल्ली एजेंसी



कांग्रेस 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर देशभर में संविधान रक्षा मार्च निकालेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित मार्च में शामिल होंगे।

पार्टी ने सभी राज्यों में इस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी की है। कांग्रेस की ओर से आयोजित इन मार्चों में प्रदेश कांग्रेस समितियां हिस्सा लेंगी। पार्टी का उद्देश्य संविधान की रक्षा और उसके मूल्यों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कांग्रेस के कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों में मार्च निकाले जाएंगे। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का पाठ और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई जाएगी। लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कांग्रेस ने संविधान दिवस के मौके पर देशव्यापी आयोजन के जरिए संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों को उठाने की तैयारी की है। समाजवादी पार्टी की ओर से यूपी चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी करने पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सपा एक तरफ कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत कर रही है और दूसरी तरफ उम्मीदवारों के नाम घोषित कर रही है। इससे लगता है कि सपा इस बातचीत को गंभीरता से नहीं ले रही है। इस दौरान उन्होंने शायराना अंदाज में कहा, उनको अच्छी नहीं लगती बुलंदी मेरी, शायद उनकी परवाज बहुत खलती है, बस यही एक जवाब है... कांग्रेस चाहती थी क्यों कह रहे हैं आप, कांग्रेस जब भी जरूरत होगी उम्मीदवार उतारेगी; इसमें बड़ी बात क्या है? अगर आप गठबंधन के बीच में ऐसा करते हैं, तो यह गठबंधन नहीं है। इसका मतलब है कि आपकी तरफ से कोई गंभीरता नहीं है।

रुद्रपुर में 10 महीने में 67 लोग एचआईवी संक्रमित

रुद्रपुर हमारे संवाददाता



जिला मुख्यालय में एचआईवी संक्रमण तेजी से फैल रहा है। जिला अस्पताल के आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। इस साल एक जनवरी से 31 अक्टूबर तक जिले में 67 नए लोग एचआईवी संक्रमित चिह्नित किए गए हैं। इनमें 54 पुरुष, छह महिलाएं और सात गर्भवतियां शामिल हैं। सभी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इससे पहले अस्पताल में 780 मरीज इलाज कराने के लिए पंजीकृत हो चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार संक्रमण के पीछे सबसे बड़े कारण नशे के इंजेक्शन का साझा इस्तेमाल और असुरक्षित शारीरिक संबंध हैं। कई युवा नशे के लिए एक ही सिरिंज का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे एक व्यक्ति का संक्रमण कई लोगों तक पहुंच रहा है। बिना सुरक्षा के बनाए गए यौन संबंध भी संक्रमण का बड़ा कारण बन रहे हैं। गर्भवतियों की समय पर जांच नहीं होने पर संक्रमण मां से बच्चे तक पहुंच सकता है। इसलिए गर्भवतियों की समय पर जांच बेहद जरूरी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि एचआईवी छूने, साथ खाने, साथ रहने या हाथ मिलाने से नहीं फैलता। इससे जुड़ी भ्रांतियों के कारण लोग जांच कराने से डरते हैं जो सबसे बड़ी गलती है। समय पर जांच और उपचार से संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। एचआईवी संक्रमित गर्भवती से बच्चे को संक्रमण का खतरा रहता है। बिना इलाज के यह खतरा 15 से 45 प्रतिशत तक हो सकता है लेकिन समय पर दवा और देखभाल से खतरा 1-2 प्रतिशत से भी कम हो जाता है। इसलिए प्रसव के दौरान विशेष सावधानी बरती जाती है। डॉक्टर मां का वायरल लोड जांचते हैं। जरूरत पर सीजेरियन करते हैं और बच्चे को जन्म के बाद तुरंत दवा दी जाती है। मां के दूध से भी संक्रमण फैल सकता है,इसलिए डॉक्टर की सलाह पर बच्चे को मां के दूध नहीं दिया जाता है। समय पर जांच और इलाज से बच्चा पूरी तरह सुरक्षित रह सकता है।

अनुरोध के बाद अब धारा-27 के तहत होंगे शिक्षकों के तबादले

देहरादून हमारे संवाददाता

शिक्षा विभाग में तबादला एक्ट की धारा-27 के तहत तबादलों के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों ने आवेदन किए हैं। अब तक तीन हजार से अधिक शिक्षक स्थानांतरण के लिए आवेदन कर चुके हैं। विभाग में आवेदनों और उनके साथ लगाए गए दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया चल रही है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक सभी आवेदनों के साथ लगे दस्तावेजों का संकलन और परीक्षण करने के बाद उन्हें मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी के सामने रखा जाएगा। कमेटी आवेदनों पर विचार कर तबादलों को लेकर आगे की प्रक्रिया तय करेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक तबादलों के लिए प्रवक्ता संवर्ग में कुल 309 आवेदन मिले हैं। इसमें विभिन्न श्रेणी सामान्य संवर्ग में 284 और महिला संवर्ग में 25 आवेदन हैं। जबकि गढ़वाल मंडल से सहायक अध्यापक एलटी संवर्ग में 842 आवेदन मिले हैं। इसमें सामान्य संवर्ग में 766 और महिला संवर्ग में 76 आवेदन हैं। सहायक अध्यापक एलटी में कुमाऊं मंडल से गढ़वाल मंडल की तुलना में अधिक शिक्षकों ने धारा 27 के तहत तबादलों के लिए आवेदन किए हैं। इसमें कुमाऊं मंडल के 1116 शिक्षकों ने तबादलों के लिए आवेदन किया है। इसमें सामान्य संवर्ग में 1007 और महिला संवर्ग 109 शिक्षकों ने तबादलों के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा बेसिक शिक्षा में एक हजार से अधिक शिक्षकों ने आवेदन किए हैं। राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय महामंत्री रमेश पैन्यूली के मुताबिक कई शिक्षक गंभीर बीमार हैं, इन शिक्षकों को तबादलों का लाभ मिलना चाहिए।

उत्तराखंड: बारिश की बेरुखी से मौसम का मिजाज बदला

देहरादून हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में मौसम अभी भी गर्म बना हुआ है। दिसंबर का महीना आने वाला है, लेकिन ठंड ने ठीक से दस्तक भी नहीं दी। सुबह शाम हालांकि हल्की ठंड महसूस हो रही है, लेकिन दिन में सूरज अभी भी तेवर दिखा रहा है।

नवंबर का महीना बीतने को है लेकिन उत्तराखंड में सर्दी की दस्तक का इंतजार लंबा होता जा रहा है। खासकर मैदानी इलाकों में सूरज अपने खूब तेवर दिखा रहा है। आमतौर पर इस समय तक सुबह-शाम ठंड बढ़ने लगती है और दिन के तापमान में भी गिरावट आने लगती है। इसके उलट इस बार नवंबर में बारिश की बेरुखी के चलते मैदानी इलाकों में गर्मी का अहसास हो रहा है। दिन में तेज धूप के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। वहीं, रात के तापमान में भी अपेक्षित गिरावट नहीं होने से ठंड का असर कम महसूस हो रहा है। मौसम के बदले मिजाज का असर केवल दिन तक सीमित नहीं है। रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने के कारण सुबह और शाम को ठंड का अहसास कम हो रहा है। सामान्य तौर पर नवंबर की शुरुआत से ही रातें सर्द होने लगती हैं और न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जाती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो रहा है।

मौसम

- सर्दी की दस्तक का इंतजार हुआ लंबा



नैनीताल में दिखा मौसम का मिला जुला असर

नैनीताल। नैनीताल में मंगलवार को मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला। बता दें मंगलवार को दिन में कुछ देर के लिए आसमान में हल्के बादल जरूर छाए रहे लेकिन अधिकांश समय मौसम सुहावना बना रहा। नगर में सुबह व शाम के समय इन दिनों ठंड में काफी इजाफा हो गया है। दूसरी ओर नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने मिले जुले मौसम के बीच नैनी झील में नौका विहार का आनंद लिया।

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत आवासीय बूट कैंप आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि नैनीताल के भीमताल स्थित फ मास्स्युटिकल साइंसेज विभाग के सहायक प्राध्यापक मोहम्द रिजवान ने देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 19 से 21 नवंबर तक ईटीसी भवन बागजाला गौलापार हल्द्वानी में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय उद्यमिता बूट कैंप में सह संयोजक के रुप में सहभागिता की।

प्राध्यापक मो.रिजवान के मुताबिक कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की भावना विकसित करना, नवाचार को बढ़ावा देना तथा व्यावसायिक विचारों को व्यवहारिक उद्यमों में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना रहा। बूट कैंप के प्रथम दिवस प्रतिभागियों को उद्यमशील मानसिकता, व्यवसायिक अवसरों की पहचान, विचार सृजन एवं डिजाइन थिंकिंग के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सत्रों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता तथा निर्णय लेने की क्षमता व समस्या समाधान, संवाद कौशल एवं जोखिम लेने की क्षमता जैसे उद्यमी गुणों पर विशेष जोर दिया गया साथ ही प्रतिभागियों को दैनिक



जीवन की समस्याओं से व्यावसायिक अवसर पहचानने तथा ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद एवं सेवाएं विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। द्वितीय दिवस प्रतिभागियों ने समूहों में अपने व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए तथा व्यवसाय मॉडल, निवेशए लागत निर्धारण, विक्रय मूल्य, संभावित लाभ व ब्रांडिंग व पैकेजिंग एवं विपणन रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान भास्कर जय एवं आयुष द्वारा प्रस्तुत फोट बाउल नामक हेल्दी फूड बिजनेस आइडिया को विशेष सराहना मिली। उनकी प्रस्तुति ने समूह व्यवसाय प्रस्तुति में 35 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप टी.शर्ट भी प्रदान की गई। बूट कैंप के तृतीय दिवस प्रतिभागियों ने अपने व्यक्तिगत एवं समूह व्यावसायिक विचारों को मेंटर्स एवं शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर तानुजा पाठक, अनुष्का एवं प्रीति द्वारा प्रस्तुत रेडी टू इट पहाड़ी फूड का विचार विशेष आकर्षण रहा। इस अवधारणा के अंतर्गत उत्तराखंड के पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों को रेडी.टू.ईट एवं प्रीमिस उत्पादों के रूप में मुहैया कराने की योजना प्रस्तुत की गई जिससे यात्रियों, विद्यार्थियों एवं अन्य उपभोक्ताओं को सुविधाजनक रूप से पारंपरिक पहाड़ी भोजन मुहैया कराया जा सके तथा स्थानीय खान.पान एवं संस्कृति को बढ़ावा मिले। तीन दिवसीय आवासीय बूट कैंप के दौरान मेंटर्स एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों के व्यावसायिक विचारों पर मार्गदर्शन, सुझाव एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रदान की गई। प्रतिभागियों को बाजार विश्लेषण, ग्राहक पहचान व वित्तीय नियोजन, व्यवसाय विकास, विपणन रणनीति व व्यवसाय विस्तार एवं उद्यम को सफलतापूर्वक स्थापित करने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सह.संयोजक के रूप में सहभागिता करते हुए मोहम्मद रिजवान ने उद्यमिता आधारित प्रशिक्षण एवं नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को युवाओं में आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार व रचनात्मक सोच एवं रोजगार सृजन की क्षमता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया तीन दिवसीय देवभूमि उद्यमिता बूट कैंप प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक एवं व्यावहारिक अनुभव रहा। कार्यक्रम ने युवाओं को अपने विचारों को व्यावसायिक रूप देने व नवाचार को अपनाने तथा भविष्य में स्वयं के उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

19 दिन बाद भी लापता छात्र अर्णव का सुराग नहीं

नैनीताल । नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक के ट्रैकिंग के दौरान लापता हुए बीटेक के छात्र अर्णव का 19 दिन बीत जाने के बाद भी कोई पता नहीं चल पाया है। बेटे की तलाश में बिहार से नैनीताल पहुंचे अर्णव के पिता पंकज कुमार हर दिन अच्छी खबर की उम्मीद में कोतवाली पहुंचते हैं लेकिन उन्हें शाम को मायूस होकर लौटना पड़ता है।

बता दें बीते 6 नवंबर को ग्राफिक एरा भीमताल में बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र अर्णव अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ नैनीताल की नैनापीक ट्रैकिंग पर गया था लेकिन वापसी के दौरान अर्णव अचानक लापता हो गया.तभी से लगातार पुलिस, वन विभाग, एसडीआरएफ की अलग -अलग टीमें जंगलों में तलाश में जुटी हुई हैं लेकिन अभी तक किसी भी विभाग को कामयाबी नहीं मिल पायी है। दूसरी ओर पुलिस लगातार 11 दिनों की पूछताछ के बाद अर्णव के तीनों दोस्तों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर चुकी है,खास बात यह है कि अर्णव के नही मिलने तक उन्हें शहर से बाहर नहीं जाने की हिदायत दी गयी है। फिलहाल 19 दिन का लंबा सफर बीत जाने के बाद अर्णव का पता नहीं चल पाने से उनके परिजन खासे परेशान हो चले हैं।



प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने लोगों को जोड़ा पौधरोपण अभियान से

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 861वे दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 861वे दिन अस्कोट में मल्लिकार्जुन महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर मल्लिकार्जुन मंदिर परिसर में मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित नारायण दत्त पंत के नेतृत्व में मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में अध्यापक चंद्र शमशेर पाल रौंकी, ब्लॉक प्रमुख कनालीछीना महिमन कन्याल समेत प्रदीप पाल, गुड्डू पाल, तरुण पाल, पीडी जोशी, जगत बाबा, करण बहादुर पाल, नवीन उपाध्याय सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख महिमन कन्याल ने दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम की सराहना की है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

भीमताल

हमारे संवाददाता

कैबिनेट मंत्री श्री राम सिंह कैड़ा ने आज भीमताल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर क्षेत्रीय जनता एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली व स्वास्थ्य तथा शिक्षा सहित विभिन्न जनसमस्याओं से मंत्री जी को अवगत कराया।

मंत्री कैड़ा ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मंत्री कैड़ा ने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव का विकास और क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र को हर समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास की योजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित एवं विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों का विकासए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और आम जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।



NEWS / फटाफट

सर्वार्थ सिद्धि योग में आज मनाई जाएगी देव दीपावली

नैनीताल । नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा है कि कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली और त्रिपुरी



पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस बार कार्तिक पूर्णिमा मंगलवार (आज) को मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि पूर्णिमा तिथि की बात करें तो 23 नवंबर 2026 को मध्य रात्रि 11.43 से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ होगी जो मंगलवार (आज) रात्रि 8.23 तक रहेगी। पूर्णिमा व्रत भी इसी दिन रखा जायेगा यदि सर्वार्थ सिद्धि योग की बात करें तो यह योग प्रातः 6.45 से मध्य रात्रि 11.25 तक रहेगा। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का महत्व है यदि स्नान के शुभ मुहूर्त की बात करें तो प्रातः 5:17 से 6:05 तक स्नान का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त है। देव दीपावली पर दीपदान के मुहूर्त की बात करें तो शाम 5:08 से 7:45 तक दीपदान का श्रेष्ठ मुहूर्त है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक दैत्य का वध किया था इसलिए कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरा पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है और भगवान शिव को त्रिपुरारी के नाम से जाना जाता है। जिसकी खुशी में देवताओं ने दीपावली मनाई थी इसलिए इस पर्व को देव दीपावली कहा जाता है। इस दिन शाम को सत्यनारायण भगवान की कथा करवाना व कथा श्रवण करना बहुत शुभ माना जाता है।

नैनीताल नगर पालिका में लगेगी डिजिटल घड़ी

नैनीताल । कई दशकों तक नैनीताल नगर पालिका भवन की पहचान रही ऐतिहासिक घड़ी अब बदली जाएगी। इसकी जगह डिजिटल घड़ी लगायी जाएगी जबकि पालिका की वर्षों से बंद पड़ी घड़ी कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के इतिहास संग्रहालय में रखी जाएगी। डिजिटल घड़ी लगाने के लिये पालिका ने कोटेशन आमंत्रित किये हैं। उम्मीद है कि अगले एक माह में भवन में नई डिजिटल घड़ी लगा दी जाएगी। बताया जाता है कि आजादी के बाद इस ऐतिहासिक घड़ी के कई उपकरण इंग्लैंड से मंगवाये गये थे। पालिका प्रबंधन ने इन्हें संग्रहालय को भेंट करने का निर्णय लिया है। इससे घड़ी के ऐतिहासिक उपकरणों को संरक्षित कर संग्रहालय में प्रदर्शित किया जा सकेगा।

हाइड्रोपोनिक विधि से खेती का 65 किसानों को दिया प्रशिक्षण

नैनीताल । जैव प्रौद्योगिकी परिषद की पटवाडांगर शाखा में किसानों के लिए हाइड्रोपोनिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 65 किसानों को विशेषज्ञों ने मृदा रहित खेती की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि कम जगह में इस विधि से खेती कर किसान अपनी आमदनी दोगुनी कर सकते हैं। संस्थान प्रभारी डॉ. सुमित पुरोहित ने बताया कि ग्राफि क एरा हिल यूनिवर्सिटी देहरादून के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर की ओर से भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग से वित्त पोषित परियोजना के तहत तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

गंगनाथ मंदिर में दिन भर रही धार्मिक अनुष्ठानों की धूम

नैनीताल । नैनीताल के चिड़ियाघर की पहाड़ी पर स्थित श्री गंग नाथ मंदिर में मंगलवार को गुरु पूर्णिमा व देव दिवाली के मौके पर दिनभर विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इसके तहत दोपहर 12 बजे से मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ किया गया उसके बाद शाम को पांच बजे तक कीर्तन-भजन का दौर चलते रहा। उसके बाद सभी भक्तों ने



प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठानों में माया पांडे, ममता पंत, रमा पंत, मनीषा जोशी, मंजू पंत, नीमा बिष्ट, मंजू बिष्ट, ममता अधिकारी, तुलसी बिष्ट, राधा, रेनू पुजारी तथा हेमा भाकुनी आदि कई भक्तों ने भक्ति भाव से प्रतिभाग किया। धार्मिक अनुष्ठानों के चलते दिनभर मंदिर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। अंत में मंदिर के पुजारी संतोष पान्डेय से सभी भक्त जनों का विशेष आभार जताया।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

सूर्य के ऊपरी वायुमंडल में मिला उत्तर दक्षिण प्लाज्मा प्रवाह का प्रमाण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूर्य के ऊपरी वायुमंडल में पहली बार उत्तर दक्षिण दिशा में प्लाज्मा प्रवाह (मेरिडियनल सर्कुलेशन) का प्रमाण मिला है। अध्ययन में इस प्रवाह की गति पांच से 15 मीटर प्रति सेकेंड तक पाई गई। यह खोज सूर्य की गतिविधियों तथा उसके चुंबकीय क्षेत्र और अंतरिक्ष मौसम को समझने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।



इस अध्ययन के लिए आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल की शोधार्थी सुंजना राउत को इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेडियो साइंस ने यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड-2026 से सममानित किया है। सुंजना ने बताया कि पृथ्वी के वायुमंडल में हवा का प्रवाह होता है जबकि सूर्य पर प्लाज्मा गैसें प्रवाहित होती हैं सूर्य की भीतरी और ऊपरी सतहों पर गर्म गैसों का निरंतर प्रवाह रहता है। इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा उत्तर और दक्षिण दिशा में होता है जिसे वैज्ञानिक भाषा में मेरिडियनल सर्कुलेशन कहा जाता है।

सूर्य की सतह पर इस प्रवाह की जानकारी पहले से थीए लेकिन सुंजना ने सूर्य से लगभग तीन हजार किलोमीटर ऊपर स्थित क्रोमोस्फीयर के वातावरण का अध्ययन किया। इसके लिए जापान के नोबेयामा रेडियोहेलियोग्राफ से प्राप्त 17 गीगाहर्ट्ज रेडियो तरंगों के 27 वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इनमें 1992 से 2020 तक के सूर्य के रेडियो चित्र शामिल थे।सुंजना के अनुसार यह शोध अंतरिक्ष मौसम को समझने में मददगार हो सकता है।

कृविवि में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की मुख्य व बैक परीक्षाओं के आवेदन 30 नवंबर तक भरेंगे

नैनीताल । कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल ने संबद्ध परिसरों व महाविद्यालयों और संस्थानों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर की मुख्य और बैक परीक्षाओं के आवेदन पत्र भरने के लिए समर्थ एवं ईआरपी पोर्टल खोल दिया है। विद्यार्थी अब 23 से 30 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह सुविधा एलएलबी प्रथम सेमेस्टर तथा उन पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त है जिनके परीक्षा आवेदन पत्र पहले ही खोले जा चुके हैं। संबंधित पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थियों को 30 नवंबर तक समर्थ एवं ईआरपी पोर्टल के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र भरने के साथ निर्धारित शुल्क भी जमा करना होगा।

अभिमत

सौंदर्य और संपदा

सभी लोगों को दलगत सियासत से अलग हटकर जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ काम करना होगा। राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को उनकी अवधारणा के अनुरूप साकार करके पर्वतीय राज्य का विकास करना होगा। राज्य गठन के ढाई दशक बीत जाने के बाद एक स्वर से स्वीकार किया गया है कि आर्थिक रूप से पहाड़ और वहां के पुश्तैनी लोग और पिछड़ गये। राज्य आंदोलनकारियों के त्याग की अनदेखी हुई। जल, जंगल, जमीन को नहीं बचाया जा सका। इसके लिए खुद को कोई माफ नहीं कर सकता।

हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड के जल, जंगल, जमीन पहाड़ का आकर्षण के साथ राज्य की संपदा है। उत्तराखंड का जब भी नाम जिह्वा पर आता है तो दिमाग में सबसे पहले पहाड़ का प्राकृतिक सौंदर्य उभर आता है, जो राज्य गठन के बाद बदरंग होता जा रहा है। पहाड़ से हजारों लोग पलायन कर रहे थे और राज्य बनने के बाद भी मूल निवास छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। कोई रोजगार के लिए कहीं चला गया है तो किसी ने अपनी जमीन और घर बेचकर मैदानी क्षेत्र में जाकर ठिकाना बना लिया है। पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पहाड़ पर रोजगार है नहीं, खेती और बागवानी से गुजर नहीं हो रही है। कृषि को जंगली जानवरों से नुकसान होता है। खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर है। अतिवृष्टि से पूरा खेत ही बह जाता है। दैवीय आपदा से जान-माल को हमेशा खतरा रहता है। पलायन करना पहाड़ के लोगों की मजबूरी हो गई है। इन सबके निदान के लिए जन प्रतिनिधि, नेता, मंत्री, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और जनमानस को आगे आना होगा। किसी न किसी रूप में इस राज्य के विकास में सहयोग करना होगा। हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, सिर्फ यह कह कर कि यह सरकार का काम है अथवा विभिन्न सरकारी विभागों की जिम्मेदारी है, एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपने दायित्व से पल्ला नहीं झाड़ सकते। अलग उत्तराखंड राज्य का गठन यहां रहने वाले सब लोगों के लिए किया गया था। यदि कहीं कुछ गलत हो रहा है, तो सुधारने के लिए आवाज उठानी होगी, यदि संभव को तो गलत करने वाले को स्वयं रोकना होगा। राज्य के हित में हर संभव सहयोग करना पड़ेगा। राज्य के विकास के लिए किसी न किसी रूप में योगदान करना होगा। जल स्रोतों को बचाना होगा, जंगल से पेड़ काटने से रोकना होगा। कृषि के लिए उत्तम जमीन को खेती के लिए अन्य कार्य से बचाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए जनप्रतिनिधियों को आगे आना होगा। ख़ास तौर पर राजनीति से जुड़े सभी लोगों को दलगत सियासत से अलग हटकर जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ काम करना होगा। राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को उनकी अवधारणा के अनुरूप साकार करके पर्वतीय राज्य का विकास करना होगा। राज्य गठन की रजत जयंती पर एक स्वर से स्वीकार किया गया है कि आर्थिक रूप से पहाड़ और वहां के पुश्तैनी लोग और पिछड़ गये। राज्य आंदोलनकारियों के त्याग की अनदेखी हुई। जल, जंगल, जमीन को नहीं बचाया जा सका। इसके लिए खुद को कोई माफ नहीं कर सकता।

प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुद्वारे में हुए विविध अनुष्ठान





नैनीताल

हमारे संवाददाता

सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व पर मंगलवार को नैनीताल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विशेष दीवान सजा। अरदास, अखंड पाठ साहिब के भोग और कीर्तन दरबार के बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रकाश पर्व के अवसर पर ऑल सेंट्स, सेंट मेरीज और शेरवुड कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और गुरु का लंगर चखा, इस दौरान बच्चों को सिख परंपरा और गुरु नानक देव जी के संदेशों से भी रूबरू होने का अवसर मिला।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के महासचिव अमरप्रीत सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व हर वर्ष गुरुद्वारा साहिब में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। पर्व के उपलक्ष्य में 21 से 23 नवंबर को शहर में प्रभात फेरियां निकाली गई, सुबह गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाए गया जिसके बाद अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए और कीर्तन दरबार आयोजित हुआ,दिन में श्रद्धालुओं के लिए गुरु का लंगर बरताया गया जो शाम तक जारी रहेगा। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शाम को आतिशबाजी भी गयी। पूरे आयोजन के दौरान गुरुद्वारा परिसर गुरु नानक देव जी के जयकारों और भक्तिभाव से गूंजता रहा। इस दौरान सभा के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, महासचिव अमरप्रीत सिंह समेत संदीप सिंह, जसनीत सिंह, जसपाल सिंह, अमरजीत सिंह, गगनदीप सिंह, रविन्द्र सिंह, गुरप्रीत सिंह तथा हरप्रीत व तरणवीर आदि मौजूद रहे।

एसटीएफ के शिकंजे में 25 लाख की खेप लेकर बरेली पहुंचने से पहले दबोचा तस्कर

हल्द्वानी/लोहाघाट। पहाड़ों में चरस का अवैध कारोबार किस कदर फैल रहा है, इसकी एक और तस्वीर एस टी एफ की कार्रवाई में सामने आई है। लोहाघाट क्षेत्र से चरस जुटाकर उत्तर प्रदेश के बरेली में खपाने निकला एक कथित तस्कर रास्ते में ही एसटी एफ और लोहाघाट पुलिस के जाल में फंस गया।

संयुक्त टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 किलो 100 ग्राम चरस बरामद की है। अब एसटीएफ यह पता लगाने में जुटी है कि पहाड़ से नशे की यह खेप कहां से जुटाई गई और इसके पीछे तस्करों का कितना बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स कुमाऊं यूनिट और लोहाघाट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए आरोपी की पहचान सुरेश सिंह तिलक्ष, निवासी खतेड़ा मल्ल, थाना पंचेश्वर, जिला चम्पावत के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लोहाघाट क्षेत्र से चरस एकत्रित कर बरेली में ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जा रहा था।

स्मैकियों पर पुलिस का शिकंजा, 16.30 ग्राम स्मैक समेत दो गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा में स्मैक का धंधा करने वालों के लिए पुलिस की गश्त मुसीबत बन गई। दो अलग-अलग जगहों पर पुलिस को देखकर छिपने की कोशिश कर रहे युवकों की संदिग्ध हरकतों ने उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। गौला पार्किंग में वाहनों की आड़ लेकर दुबका आसिफ उर्फ भद्दू पकड़ा गया तो रेलवे क्रॉसिंग पर मुट्ठी में पुड़िया दबाकर खड़े मुजाहिद को पुलिस ने धर दबोचा। दोनों के पास से कुल 16.30 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में स्मैक खरीदने के लिए कई नाम सामने आए हैं, जिसके बाद पुलिस अब सप्लाई नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। गौला पार्किंग में सज्जाद की झोपड़ी के पास गश्त कर रही पुलिस टीम को हाथ में थैली लिए एक व्यक्ति नजर आया। पुलिस को देखते ही वह पार्किंग में खड़े वाहनों की आड़ में छिपने लगा। संदिग्ध हरकत पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कपड़ों के बीच छिपाकर रखी स्मैक बरामद हुई। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर पॉलीथीन समेत वजन 7 ग्राम निकला। पकड़े गए आरोपी की पहचान आसिफ उर्फ भद्दू, पुत्र स्व. इजाज, निवासी गफूर बस्ती, बनभूलपुरा के रूप में हुई। पूछताछ में उसने दानिश बुड्ढ़, शोएब समेत अन्य लोगों से स्मैक खरीदने की बात बताई। दूसरी कार्रवाई चोरगलिया रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई।

गश्त के दौरान वाहनों की आड़ में छिपे एक युवक पर पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह अपना हाथ कमर के पीछे छिपाने लगा। जब उसकी मुट्ठी खुलवाई गई तो कागज की पुड़िया में मटमैला चूर्ण मिला। आरोपी ने उसे स्मैक बताया। तौलने पर कागज समेत वजन 9.30 ग्राम निकला। गिरफ्तार युवक मुजाहिद पुत्र बहार अली, निवासी गफूर बस्ती, बनभूलपुरा बताया गया है। पूछताछ में उसने स्मैक फिरोज उर्फ पप्पू से खरीदने की बात कबूल की, जो गफूर बस्ती का ही रहने वाला बताया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अब पूछताछ में सामने आए नामों को पड़ताल कर स्मैक बेचने और सप्लाई करने वालों तक पहुंचने की कोशिश में है।

प्रेम विवाह बना प्रताड़ना, विवाहिता को पीटकर किया लहूलुहान

हल्द्वानी। प्रेम विवाह के बाद दहेज की मांग और घरेलू प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल के पांच लोगों के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने की मांग की है। महिला का आरोप है कि दहेज के लिए उसे लंबे समय से परेशान किया जा रहा था और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकियां दी जाती थीं।

ताजा घटना में पति पर उसके और 11 माह के बेटे के साथ मारपीट करने तथा नुकीली चीज से हमला कर उसे लहूलुहान करने का आरोप लगाया है। , गैस गोदाम रोड क्षेत्र निवासी हिमानी बिष्ट का विवाह 3 दिसंबर 2024 को गजेंद्र सिंह सतवाल निवासी सतवाल हाउस, सतवाल पेट्रोल पंप के पास से प्रेम विवाह हुआ था। विवाह के बाद पति गजेंद्र, ससुर राजेंद्र सिंह सतवाल, सास गंगा उर्फ मुन्नी सतवाल और ननद कामिनी सतवाल व दीपा बिष्ट पर दहेज को लेकर ताने मारने, प्रताड़ित करने और मारपीट करने के आरोप लगाए गए हैं। महिला का कहना है कि कई बार उसे घर से भी निकाल दिया गया।

फिल्मी दुनिया

एक दीवाने की दीवानियत के बाद फिर साथ हर्षवर्धन राणे और अंशुल गर्ग



यह फिल्म पिछले साल रिलीज हुई एक दीवाने की दीवानियत के बाद हर्षवर्धन राणे और अंशुल गर्ग का दूसरा प्रोजेक्ट होगा। फिल्म का एलान कलाकारों ने एक पोस्ट शेयर कर दिया है। जानिए फिल्म से जुड़ी पूरी जानकारी।

मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस नई फिल्म की जानकारी दी। पोस्ट के साथ एक वीडियो भी जारी किया गया है। इसमें हर्षवर्धन राणे और अंशुल गर्ग साथ बैठे अपनी अगली फिल्म को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में हर्षवर्धन इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हैं। वहीं, अंशुल गर्ग कहते हैं, चलो करते हैं! इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, ब्लॉकबस्टर जोड़ी की वापसी हो रही है। अंशुल गर्ग और हर्षवर्धन राणे एक बार फिर मजनू के साथ साथ आ रहे हैं। एक दीवाने की दीवानियत के बाद एक और यादगार सफर के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म की शूटिंग दिसंबर 2026 में शुरू होगी। अब हर्षवर्धन राणे और अंशुल गर्ग की जोड़ी एक बार फिर रोमांटिक कहानी के साथ दर्शकों के बीच आने की तैयारी कर रही है। हालांकि, मजनू की कहानी और बाकी कलाकारों को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

देसी म्यूजिक फैक्ट्री के साथ दूसरी फिल्म

मजनू को देसी म्यूजिक फैक्ट्री के बैनर तले बनाया जाएगा। इस फिल्म के साथ हर्षवर्धन राणे और प्रोडक्शन हाउस दूसरी बार साथ काम करेंगे। इससे पहले दोनों ने एक दीवाने की दीवानियत में साथ काम किया था। फिल्म में अभिनेत्री सोनम बाजवा ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म अक्टूबर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

2027 की चुनावी जंग से पहले आप ने हल्द्वानी में फूंका संगठन विस्तार का बिगुल, अब्दुल कादिर को सौंपी कमान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड में 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट के बीच आम आदमी पार्टी ने संगठन को जमीन पर उतारने की कवायद तेज कर दी है। प्रदेशभर में विधानसभा समन्वयकों की नियुक्ति के क्रम में पार्टी ने हल्द्वानी विधानसभा की जिम्मेदारी अब्दुल कादिर को सौंपकर स्थानीय स्तर पर संगठन मजबूत करने का दांव चला है। नियुक्ति के साथ ही पार्टी का फोकस अब बूथ कमेटियों के गठन, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनता के बीच अपनी राजनीतिक पैठ बढ़ाने पर रहेगा। अब्दुल कादिर को हल्द्वानी विधानसभा समन्वयक बनाए जाने के बाद उन्हें वार्डों से लेकर बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें बूथ कमेटियों का गठन करने, मोहल्लों में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का जिम्मा संभालना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी, रोजगार और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने की रणनीति भी संगठन के एजेंडे में शामिल है। नियुक्ति पर अब्दुल कादिर ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। हल्द्वानी में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर पार्टी की पहुंच घर-घर तक बनाने का प्रयास किया जाएगा।

आम आदमी पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड की सभी 70 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। प्रदेश अध्यक्ष उमा सिसोदिया के नेतृत्व में पार्टी संगठन विस्तार में जुटी है। हल्द्वानी में अब्दुल कादिर की नियुक्ति को इसी चुनावी रणनीति की अहम कड़ी माना जा रहा है। नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और संगठन को मजबूत करने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज में ताजमहल का टेंडर नामक नाटक का हुआ मंचन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज में सोमवार को ताजमहल का टेंडर नामक नाटक का मंचन किया गया। विद्यार्थियों ने नाटक में शानदार अभिनय कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अभिनेता संजय मिश्रा थे। बता दें नाटककार अजय शुक्ला द्वारा रचित नाटक में वर्तमान में भ्रष्टाचार को ताजमहल के शासनकाल से जोड़ कर कहानी का तानाबाना बुना गया था। मुमताज के लिए शाहजहाँ द्वारा नबनाए गए ताजमहल में तब आज की तरह भ्रष्टाचार होता तो शायद ताजमहल बन ही नहीं पाता। विद्यालय सभागार में आयोजित नाटक में विद्यार्थियों ने



शानदार अभिनय के जरिए भ्रष्टाचार को उजागर किया और भ्रष्ट राजनीति को आईना दिखाया जबकि विभागीय कमियों को नाटक में उजागर किया गया और संदेश दिया कि अच्छे विकास के लिए भ्रष्टाचार नहीं कतई नहीं होना चाहिए।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अभिनेता संजय मिश्रा ने कहा कि अभिनय की दिशा में शेरवुड कॉलेज नैनीताल का स्वर्णिम इतिहास रहा है। दर्जनों बॉलीवुड कलाकारों ने इसी विद्यालय से अभिनय की शिक्षा हासिल कर अभिनय के देश दुनिया में नाम रोशन किया है। उन्होंने नाटक मंचन में विद्यार्थियों की खूब प्रशंसा की। प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने विद्यालय में आयोजित किए जाने कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला और अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अभिनेता आदिल भाई, किरन मिश्रा, संजू पंत, राजेश कुमार, हेम चंद्र पांडे, बासु साह, आरपी सिंह, एसडी पाठक, आशा पंडि, भावना पाठक, रोहित जलाल व अनवर राजा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

बच्चों को अच्छे वातावरण, अनुशासन से जोड़ना भी जरूरी:मिश्रा

अभिनेता संजय मिश्रा ने कहा कि बदलते दौर में शिक्षा के साथ बच्चों को अच्छा वातावरण, अनुशासन और विभिन्न गतिविधियों से जोड़ना भी जरूरी है, शेरवुड कॉलेज इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बोले शेरवुड कॉलेज केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है बल्कि विद्यार्थियों को एक बेहतर माहौल, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास के अवसर भी प्रदान करता है, विद्यालय की ओर से खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बच्चों को लगातार प्रोत्साहित किया जाता है। लॉकडाउन के बाद समाज और शिक्षा व्यवस्था में आए बदलावों पर उन्होंने कहा कि अब बच्चों की कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित होने लगी हैं लोगों की जीवनशैली में भी काफी परिवर्तन आया है लोग एक ही स्थान पर रहना पसंद नहीं कर रहे बल्कि घूमना और नई जगहों को देखना चाहते हैं, घर बैठे ही अधिकांश काम ऑनलाइन माध्यम से होने लगे हैं।

News कॉर्नर

कोसी नदी गोबरा घाट पर लगे गंगा स्नान मेले में उमड़ी भीड़



बाजपुर। कोसी नदी (कौशल्या) के गोबरा घाट में मंगलवार को गंगा स्नान मेले का आयोजन किया। मेले में जनजाति समुदाय समेत अन्य श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा-अर्चना की। 32 बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए गए। मेला कमेटी के पदाधिकारी श्याम सुंदर, रविंद्र सिंह, अशोक सिंह, राहुल सिंहउन शत्रुधन सिंह, गोविंद सिंह, योगेश सिंह, पवन सिंह, हरी सिंह ने मेले की व्यवस्था संभाली। कमेटी ने बताया कि वर्ष 1921 में गंगा स्नान का मेला शुरू हुआ था। मेले में खेल खिलौने, चाट पकौड़ी, झूला और प्रसाद की दुकानें लगीं। इस दौरान स्थानीय दुकानदारों ने अच्छा कारोबार किया।

अस्पताल में प्रसूता की मौत, अब सवालों के घेरे में पूरा स्वास्थ्य तंत्र

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की चमकदार इमारतों के पीछे इलाज की व्यवस्था कितनी बदहाल है, पीएसपी अस्पताल में प्रसूता की मौत का मामला अब यही सवाल खड़ा कर रहा है।

एक महिला की मौत के बाद उठे सवालों का जवाब देने के बजाय अस्पताल प्रबंधन पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के आरोप लग रहे हैं। परिजनों का गुस्सा मंगलवार को बुद्ध पार्क में फूट पड़ा। पहाड़ी आर्मी के अध्यक्ष हरीश रावत के नेतृत्व में परिजनों ने धरना-प्रदर्शन कर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक कहा कि जांच के नाम पर खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं होगी, उन्हें कार्रवाई चाहिए, सिर्फ आश्वासन नहीं। मृतका के पति तलविंदर भुल्लर ने आरोप लगाया कि अस्पताल अपनी कथित लापरवाही छिपाने के लिए गलत ईसीजी रिपोर्ट दे रहा है। उनके मुताबिक, उन्हें जो ईसीजी रिपोर्ट दी गई, उसमें 35 वर्षीय पुरुष का उल्लेख है, जबकि उनकी पत्नी की उम्र महज 25 वर्ष थी। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अस्पताल में मरीज के रिकॉर्ड और जांच रिपोर्ट के साथ इस तरह की



गड़बड़ी कैसे हुई? परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। परिजनों ने आरोप लगाया कि मृतका का पोस्टमार्टम नहीं होने दिया गया और कथित तौर पर फर्जी हस्ताक्षर कराकर शव को अस्पताल के पिछले रास्ते से घर भेज दिया गया। इन आरोपों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन की भूमिका और घटना से जुड़े सभी दस्तावेजों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। पहाड़ी आर्मी के संस्थापक हरीश रावत ने कहा कि जांच रिपोर्ट और डॉक्टरों के बयानों में कथित भिन्नता कई गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मरीज के उपचार में घोर अनियमितताएं हुई हैं। रावत ने संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने, जांच पूरी होने तक अस्पताल का लाइसेंस रद्द करने और जिला चिकित्सा अधीक्षक से इस्तीफा लेने की मांग उठाई। उन्होंने जिला चिकित्सा अधिकारी की भूमिका की भी जांच कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। मृतका के पति तलविंदर भुल्लर ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। वहीं हरीश रावत ने कहा कि निजी अस्पतालों में इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। यदि प्रशासन ने जिम्मेदारी निभाते हुए ठोस कार्रवाई नहीं की तो निजी अस्पतालों के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो रहा है।

चमोली: सड़क के अभाव में तीन किमी. पैदल चली प्रसव पीड़िता

कर्णप्रयाग/देहरादून

हमारे संवाददाता

पहाड़ की पीड़ा

- अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दिया बेटी को जन्म

गांव में सड़क न होने पर प्रसव पीड़िता तीन किमी पैदल चलकर मुख्य सड़क तक पहुंची लेकिन पीड़ा अधिक होने के कारण महिला ने रास्ते में ही बेटी को जन्म दिया।

महिला के साथ आई ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता और उसके पति ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जच्चा और बच्चे को अस्पताल से डिस्चार्ज भी कर दिया गया। घटना बीते रविवार की है और इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल भी हो रहा है। विकासखंड के गैर-कांगुला-सैंजकट्ट सड़क पर तीन किमी की स्वीकृति न मिल पाने के कारण ग्रामीणों को आज भी पैदल चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। ग्राम पंचायत गनोली के मौली तोक की गायत्री देवी (24) को शनिवार शाम से दर्द हो रहा था लेकिन गांव में सड़क सुविधा नहीं थी। ऐसे में रविवार सुबह ग्राम प्रधान और आशा कार्यकर्ता कुसुम देवी और महिला के पति उसे अस्पताल ले गए।



नई सड़क की खुली पोल, हाथों से उखड़ने लगी डामर की परत, निर्माण के नाम पर कैसा खेल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सड़क बनने के बाद लोगों को राहत की उम्मीद थी, लेकिन बनभूलपुरा में नई सड़क ने कुछ ही समय में निर्माण की गुणवत्ता की पोल खोलकर रख दी।

लाइन नंबर 1 से 8 के बीच बनी सड़क की डामर की परत हाथों से उखड़ने लगी है। स्थानीय लोगों ने मौके पर ही सड़क की परत हाथ से उखाड़कर दिखाई तो निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता के मानकों की ताक पर रख दिया गया। सवाल यह है कि जिस सड़क को वर्षों तक चलना चाहिए, वह कुछ ही दिनों में दम तोड़ने क्यों लगी?

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के बाद शहर में सड़कों के निर्माण और मरम्मत का काम शुरू हुआ था। बनभूलपुरा की इस सड़क से भी लोगों को बेहतर आवागमन की उम्मीद थी, लेकिन निर्माण के कुछ ही समय बाद इसकी ऊपरी परत उखड़ने लगी। लोगों ने हाथों से डामर की परत उखाड़कर निर्माण की कथित गुणवत्ता का नमूना सामने रख दिया। उनका आरोप है कि निर्माण में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। सड़क की हालत ने निर्माण कार्य कराने वाले विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण के दौरान गुणवत्ता की सही जांच होती तो सड़क की यह दुर्दशा नहीं होती। आखिर किसकी निगरानी में सड़क बनी और निर्माण पूरा होने के बाद गुणवत्ता की जांच किसने की?

क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग से सड़क निर्माण की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच पूरी होने तक ठेकेदार का भुगतान रोका जाए और यदि निर्माण में लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही सड़क को निर्धारित मानकों के अनुरूप दोबारा बनाया जाए।



सुरखाल में चार नाली अवैध भांग की खेती नष्ट

अल्मोड़ा। जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का अभियान जारी है। मंगलवार को लमगड़ा थाना पुलिस ने ग्राम सुरखाल क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए बंजर भूमि पर उगी लगभग चार नाली अवैध भांग की खेती को नष्ट किया। थानाध्यक्ष लमगड़ा प्रमोद पाठक के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मोरनौला नरेश कोहली व पुलिस टीम ने ग्राम प्रहरियों के सहयोग से सुरखाल में सघन अभियान चलाकर भांग के पौधों को उखाड़कर नष्ट किया।

दोपहिया पर भी दो हेलमेट अनिवार्य, 21 के कटे चालान

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों में की गई सख्ती के बाद अब दोपहिया वाहन पर चालक के साथ पीछे बैठने वाले (सहस्वार) के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। नगर में इस नए नियम का असर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है और अधिकांश लोग दो हेलमेट के साथ सफर करते नजर आ रहे हैं। हालांकि इसके बावजूद अभी भी कई सहस्वार बिना हेलमेट के ही दोपहिया वाहनों पर बैठकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए 21 वाहन चालकों के चालान काटे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने नगर के माल रोड, धारानौला, करबला और शिखर तिराहा सहित प्रमुख चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जिन दोपहिया वाहनों पर चालक तो हेलमेट पहने हुए थे लेकिन पीछे बैठी सवारी बिना हेलमेट के थी, उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा तथा नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

डॉ. बिष्ट के नेतृत्व में विकास की नई इबारत लिख रहा लालकुआं: मुख्यमंत्री धामी

लालकुआं

हमारे संवाददाता

बिंदुखत्ता के लोकथात महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब देख गदगद हुए सीएम, मंच से विधायक की पीठ थपथपाई



लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बिंदुखत्ता के संजय नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में आयोजित लोकथात सांस्कृतिक महोत्सव में आस्था और लोक संस्कृति का भव्य संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मैदान में उमड़े विशाल जनसैलाब को देखकर गदगद नजर आए। उन्होंने इस ऐतिहासिक भीड़ और क्षेत्र में निरंतर सक्रियता के लिए क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट की पीठ थपथपाई और सार्वजनिक मंच से उनके जनहित कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विधायक डॉ. बिष्ट के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच के कारण लालकुआं विधानसभा क्षेत्र आज विकास की नई इबारत लिख रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। इसी दिशा में लालकुआं क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने, शत-प्रतिशत विद्युतीकरण और वर्षों पुरानी पेयजल समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। धामी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों का सीधा लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। लोकथात महोत्सव के भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध लोक विरासत, परंपराओं और संस्कृति को संजोने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर महोत्सव समिति के पदाधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।